आज सीएम का दौरा, विधायक ने लिया जायजा

मुख्यमंत्री मोहन यादव रेलवे स्टेशन पर करेंगे कार्यों का लोकार्पण

उत्सव भवन में आयोजित कार्यक्रम में देंगे कई सौगातें

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शुक्रवार को टीकमगढ़ के दौरे पर रहेंगे। प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे।टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है। स्टेशन भवन को लाल पत्थरों से आकर्षक स्वरूप दिया गया है। यहां फुट ओवरब्रिज, नया प्रतीक्षालय वेटिंग रूम और लिफ्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिनका मुख्यमंत्री लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उत्सव भवन पहुंचेगे जहां जिलेवासियों को अनेक सौगातें देगें। कार्यक्रम के एक दिन पहले जतारा के भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री के कार्यक्र म की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होनें इस मौके पर अधिकारियों को अवश्यक दिशा निर्देश दिए।

दरअसल मुख्यमंत्री के दौरे से पहले सागर संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी, आईजी मिथलेश शुक्ला और डीआईजी विजय खत्री ने गुरुवार को रेलवे स्टेशन, कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक सहित जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री उत्सव भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिले में निर्मित कम सीएम राइज स्कूल और हॉस्टल का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा पुलिस लाइन में बने नवीन वायरलेस कंट्रोल रूम का भी उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर रेलवे स्टेशन, उत्सव भवन और पुलिस लाइन में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। वहीं, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने पुलिस लाइन से रेलवे स्टेशन और कलेक्ट्रेट मार्ग तक स्वागत के लिए बैनर और पोस्टर लगाए हैं। जिला प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। सीएम के कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे है।

सुरक्षा और व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के दौरान जतारा भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक के साथ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक सहित जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री उत्सव भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिले में निर्मित कम सीएम राइज स्कूल और हॉस्टल का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा पुलिस लाइन में बने नवीन वायरलेस कंट्रोल रूम का भी उद्घाटन करेंगे।

महाराज ने की गौ-माता के नाम अभियान की शुरुआत

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

संत रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार ने एक रोटी गौ माता के नाम अभियान की शुरुआत की। इस दौरान महाराज ने गांव दलूपुरा में पैदल भ्रमण कर घर-घर जाकर गौ माता के लिए रोटी मांगी। अभियान के साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए सांप के काटने पर झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ने और तुरंत अस्पताल जाने की सलाह दी।

गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से शुरू हुए इस अभियान के तहत दलूपुरा के ग्रामीणों ने महाराज की झोली में श्रद्धापूर्वक रोटियां समर्पित कीं। इस मौके पर महाराज ने कहा कि यह झोली उनके अपने लिए नहीं, बल्कि गौमाता की सेवा के लिए फैली है।उन्होंने प्रत्येक परिवार से हर रोज गौमाता के लिए पहली रोटी निकालने की अपील की ताकि समाज में सेवा और करुणा के संस्कार मजबूत हो सकें। इससे पहले उन्होंने मातृधाम छिपरी में भी यह अभियान चलाया था। ग्राम दलूपुरा के जिन बच्चों की पढ़ाई आर्थिक तंगी के कारण प्रभावित हो रही है, उनकी स्कूल फीस का पूरा खर्च महाराज स्वयं वहन करेंगे। रायपुर नवा रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में दलूपुरा गांव के लिए एक सीट आरक्षित रहेगी। इस पर दाखिला लेने वाले छात्र की मेडिकल शिक्षा, हॉस्टल और अन्य सभी खर्च महाराज द्वारा उठाए जाएंगे। वहीं गांव के मंदिर की मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए उन्होंने 5 लाख रुपए की सहयोग राशि देने का ऐलान किया। ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए सांप के काटने पर झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ने और तुरंत अस्पताल जाने की सलाह दी। महाराज ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सांप या कोई अन्य विषैला जीव-जंतु काट लेता है, तो किसी भी तरह की झाड़-फूंक या पारंपरिक उपचार में समय बर्बाद न करें।

किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा पंजीयन प्रारंभ

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

प्रधानमत्री फ सल बीमा योजनान्तर्गत खरीफफसलों के लिये बीमा पंजीयन की शुरूआत हो गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा विकास अधिकारी मनोज कश्यप द्वारा बताया गया कि जिले में खरीफ 2026 मौसम के लिए प्रधानमंत्री फ सल बीमा पंजीयन का कार्य प्रारम्भ हो गया है।

कृषि विभाग ने 31 जुलाई 2026 तक फसल बीमा माह मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान तहसील और ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को योजना की जानकारी देकर बीमा कराने के लिये प्रेरित किया जावेगा। इसके अंतर्गत फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई है। इच्छुक कृषक उक्त तिथि से पूर्व अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते है। खरीफमौसम में सभी अनाज दलहन, तिलहन फसलों हेतु बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों के द्वारा देय है। शेष प्रीमियम राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है। अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले बटाईदारों और कास्तकारों किसान अपनी फसलों का बीमा कबरेज प्राप्त करने हेतु पात्र है। योजना सभी कृषकों हेतु स्वेच्छिक है। अल्पकालिक फसल ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों की फसलों का बीमा संबंधित बैक द्वारा किया जावेगा। अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फ सलों का बीमा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले की समस्त सहकारी समितियों, ग्राम पंचायत में स्थित कॉमन सर्विस सेन्टर, जिले के समस्त बैंक एवं स्वयं किसान फसल बीमा पोर्टल पर अपनी फसलों का पंजीयन दिनांक 31 जुलाई 2026 तक कर सकते है। आऋणी कृषकों के लिये आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य है।

राशन बांटने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए।संचालक को प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में राशन देना होगा।

सरपंच ने रजिस्ट्री के नाम पर पैसा मांगने का लगाया आरोप

नवभारत न्यूज, जतारा।

जतारा तहसील स्थित उपपंजीयक रजिस्ट्री कार्यालय एक बार फिर विवादों में आ गया है। ग्राम पंचायत किटाखेरा के सरपंच निशांत साहू ने उपपंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के नाम पर रिश्वत मांगने और किसानों व आम नागरिकों को परेशान करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने टीकमगढ़ कलेक्टर से लिखित शिकायत कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

सरपंच निशांत साहू के अनुसार ग्राम पंचायत किटाखेरा की 32 आर भूमि की रजिस्ट्री कराई जानी थी। उनका कहना है कि भूमि मुख्य सड़क से लगभग 300 से 400 फीट अंदर स्थित है। आरोप है कि दस्तावेज तैयार कर उपपंजीयक के समक्ष प्रस्तुत किए जाने पर रजिस्ट्री सड़क किनारे की भूमि मानकर किए जाने की बात कही गई। स्थल निरीक्षण कराने का अनुरोध भी किया, लेकिन कथित तौर पर यह कहते हुए मना कर दिया गया कि भूमि की तरमीम नहीं हुई है।

उपपंजीयक शबाना परवीन ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो भ्रामक और निराधार है। उन्होंने कहा कि न तो किसी से 16 हजार की मांग की गई है और न ही किसी प्रकार का अवैध लेनदेन किया गया है।

पौधरोपण कार्यक्रम

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड का 45वां स्थापना दिवस चरी - निवावरी एवं बखतपुरा जलग्रहण परियोजनाओं के अंतर्गत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रबंधक राम अवतार पांडे ने बताया कि नाबार्ड पिछले 44 वर्षों से ग्रामीण विकास, जल संरक्षण, कृषि उन्नयन और स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले की चरी - निवावरी परियोजना के तहत किसानों से मुलाकात की।

गिट्टी से भरा वाहन जब्त

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में खनिज अधिकारी विपुल रावत एवं खनिज अमले द्वारा खनिजों के अवैध परिवहन निरंतर कार्रवाई जारी है।

इसीक्रम में में चेकिंग एवं निरीक्षण के दौरान परसुआं रोड पर एक अवैध रूप से गिट्टी भरे हुए ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया जाकर देहात पुलिस थाना की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज अधिकारी विपुल रावत एवं खनिज अमले द्वारा खनिजों के अवैध परिवहन निरंतर कार्रवाई जारी है।

दस्तक अभियान के तहत पिलाई दवा

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित जिला अस्पताल टीकमगढ़ में आज दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कृष्ण मोहन वरुण ने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक एवं आयरन सिरप पिलाकर किया।

इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कृष्ण मोहन वरुण ने बताया कि दस्तक अभियान का मुख्य उद्देश्य 5 वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण, एनीमिया तथा अन्य गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करेंगी तथा आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी।

पीएम धन-धान्य कृषि योजना का क्रियान्वयन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना पीएमडीडीकेवाई के प्रभावी क्रियान्वयन में जिले ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जून माह की जारी राष्ट्रीय रैंकिंग में टीकमगढ़ जिले ने पूरे देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, योजना के प्रारंभ से अब तक के समग्र प्रदर्शन के आधार पर जिला राष्ट्रीय स्तर पर तीसरे स्थान पर बना हुआ है। उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि जिले में पीएमधन-धान्य कृषि योजना का क्रियान्वयन पूरी गंभीरता, सुनियोजित रणनीति से किया जा रहा है।

रोजगार मेला में निजी कम्पनियां लेंगी भाग

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मुख्यालय पर बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से छतरपुर रोड स्थित शासकीय आईटीआई में 23 जुलाई को सुबह11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार यह आयोजन किया जाएगा।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। युवा संगम, रोजगार मेले में जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से छतरपुर रोड स्थित शासकीय आईटीआई में 23 जुलाई को सुबह11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन होगा।

सभी प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में होगी दर्ज

टीकमगढ़। कार्यालय जिला कोषालय टीकमगढ़ द्वारा जिले के समस्त आहरवण एवं संवितरण अधिकारियों डीडीओ को सूचित किया गया कि उनके कार्यालय से संबंधित जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की एक जुलाई 2026 में वार्षिक वेतन वृद्धि लगाई जानी है, उनकी समस्त प्रविष्टि आईएफ एमआईएस सॉफ्टवेयर में दर्ज करायें। जिला कोषालय अधिकारी द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को वेतन वृद्धि की संपूर्ण कार्यवाही आगामी 19 जुलाई 2026 तक आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर अनिवार्य रूप से पूर्ण करनी होगी।

गंदगी से लोग परेशान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

जिला स्तर पर हुआ प्रकोष्ठ का गठन

टीकमगढ़। जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में गठित यह विशेष प्रकोष्ठ आगामी एक वर्ष तक जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों की नियमित निगरानी, समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी।